उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुकवार, 03 चैत्र, शक संवत्, 1928
**( दिनांक : 24 मार्च, 2006 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी "ख")।

3. मुख्यमंत्री, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 29 की उपधारा (2) के अन्तर्गत राज्य सूचना आयोग (अपील प्रकिया) नियम, 2005 को सदन के पटल पर रखेंगे।

4. मुख्यमंत्री, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 29 की उपधारा (2) के अन्तर्गत सूचना का अधिकार (फीस एवं लागत का विनियमन) नियम, 2005 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल में ग्राम गौंजा, छीणां में पेयजल टैंक व पाइप लाईन निर्माण के सम्बन्ध में" श्री जमन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल में मंगोली से गहमना तक जीप रोड निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रमेश चन्द्र पन्त एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के नौगांव विकास खण्ड अन्तर्गत मुंगरा नौगांव को पर्यटन ग्राम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में" श्री तिलक चन्द एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

....2/....

9. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ मुख्यालय में सीवर लाईन निर्माण के सम्बन्ध में" श्री त्रिलोक चन्द रमोला एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. दिनांक 13 दिसम्बर, 2002 को डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-69 के उत्तर में संशोधन हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का शोधन वक्तव्य।

(शोधन वक्तव्य के लिए देखिए नत्थी "ग")

14. कृषि मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. कृषि मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश माल के प्रवेश कर अधिनियम, 2000) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (संशोधन) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश माल के प्रवेश कर अधिनियम, 2000) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (संशोधन) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. मुख्यमंत्री, राजस्व वसूली (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. मुख्यमंत्री, राजस्व वसूली (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

21. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971) विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करेंगे।

22. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

....3/....

23. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य को ऊर्जा प्रदेश बनाने हेतु ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया जाय जो एक निश्चित समयावधि में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।"

24. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला तथा मुनस्यारी एवं जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र में रहने वाली समस्त जातियों को जनजातियों हेतु अनुमन्य सुविधाएं प्रदत्त की जाए।"

25. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रतिवर्ष होने वाली सहस्त्रताल, क्यार्खी बुग्याल, मासरताल यात्रा को धार्मिक यात्रा घोषित कर यात्रियों को यात्रा हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं तथा बूढ़ाकेदार सहस्त्रताल तक सम्पूर्ण पैदल यात्रा मार्ग को तीर्थ मार्ग के रूप में विकसित किया जाए।"

26. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल के समस्त राष्ट्रीय पार्क, पशु विहार, मृग विहार एवं संरक्षित वनों के आसपास के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के लिये योजना बनाकर विकास किया जाए।"

27. श्री सुबोध उनियाल द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"यह सदन श्री राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2006 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी (घ))

28. नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 24 मार्च, 2006

( महेश चन्द्र )
सचिव।

प्रथम सत्र, 2006
का प्रथम शुक्रवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 03 चैत्र, शक संवत्, 1928

( दिनांक : 24 मार्च, 2006 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री अजय भट्ट
06-03-2006

** क्या उद्यान मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल के किसानों का लाखों रुपया हड़पने वाली बेनी दिवाकर उर्फ बेनी की गिरफ्तारी हो चुकी है? यदि हाँ, तो वह प्रदेश के किस जेल में बन्द है? यदि नहीं, तो सरकार ने आज तक उसकी गिरफ्तारी के लिये एवं किसानों को धनराशि लौटाने के लिये क्या कार्यवाही की है? उद्यान

# नत्थी ''ख''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>22-12-2005 | *1. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के परिवहन निगम का गठन किया जा चुका है? यदि हाँ, तो क्या अविभाजित उत्तरप्रदेश के समय कार्यरत कर्मियों तथा देनदारियों को भी विभाजित कर लिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-12-2005 | *2. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 21 फरवरी से 23 फरवरी, 2003 तक निजी पूंजी निवेशकों को आकर्षित करने हेतु आयोजित कान्क्लेव में राज्य सरकार द्वारा लगभग 50.00 लाख रुपया खर्च किया गया? यदि हाँ, तो इस कान्क्लेव के माध्यम से पर्यटन के क्षेत्र में कितने पूंजी निवेशकों द्वारा राज्य में पूंजी निवेश किया गया? यदि नहीं, तो उक्त कान्क्लेव आयोजित किये जाने का औचित्य क्या था? क्या सरकार भविष्य में इस प्रकार की आयोजित होने वाले सम्मेलनों पर प्रतिबन्ध लगायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| काजी निज़ामुद्दीन<br>28-12-2005 | *3. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कितने कारगिल युद्ध शहीद आश्रित हैं? राज्य सरकार द्वारा कारगिल युद्ध शहीदों के सम्मान एवं उनके आश्रितों को लाभ पहुँचाने के लिये कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हाँ, तो क्या और इस कार्य योजना से अब तक कितने परिवारों को लाभ हुआ है और कितने परिवार इस लाभ से वंचित है? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री मदन कौशिक<br>31-12-2005 | *4 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में भ्रूण हत्या रोकने हेतु कोई प्रभावी योजना बनायी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>04-01-2006<br>श्री हरबंस कपूर<br>27-02-2006 | *5. क्या श्रम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारों को मासिक भत्ता दिये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>07-01-2006 | *6. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के बिनसर महादेव, दीवा, बूँखाल, एकेश्वर, देवलगढ़, क्यूँकालेश्वर, मुण्डनेश्वर, ताडकेश्वर, भैरवगढ़ी, महाबगढ़, डाडानागराजा जैसे पुरातत्व मन्दिरों को धार्मिक, पर्यटन सर्किट से जोड़ने की कोई योजना बनाई गयी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>10-01-2006<br>श्री हरबंस कपूर<br>27-02-2006 | *7. क्या श्रम मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी तेरह जनपदों में रोजगार कार्यालय में अंकित बेरोजगारों की संख्या क्या है? राज्य निर्माण से अब तक रोजगार कार्यालय में अंकित बेरोजगारों की संख्या में कितनी कमी/बढ़ोत्तरी हुई है? क्या सरकार विवरण सदन के सम्मुख रखेगी? | श्रम |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>12-01-2006 | *8. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत श्रीनगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किये गये प्रयासों एवं प्रगति का विवरण क्या है? उक्त विद्यालय की स्थापना कब तक कर दी जायेगी? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>27-01-2006 | *9. क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि ऋषिकेश में ''एम्स'' की स्थापना हेतु शिलान्यास कर दिया गया था? यदि हाँ, तो एम्स के भवन निर्माण की क्या प्रगति है? | स्वास्थ्य |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27-01-2006 | *10. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इको पर्यटन की वर्तमान स्थिति (स्टेटस) क्या है? इसकी नोडल एजेन्सी कौन है व कौन-कौन संस्थाएँ/विभाग इसके लिये कार्य कर रहे हैं? क्या इको पर्यटन के लिये कोई दीर्घकालीन योजना बनायी गयी है? | पर्यटन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>10-02-2006 | *11 क्या स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में है कि दून अस्पताल देहरादून में डाईलेसिस मशीन न होने के कारण मरीजों को अत्यन्त परेशानी हो रही है? क्या यह सत्य है कि उक्त मशीन के अभाव में कई रोगियों की अकाल मृत्यु हो चुकी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार दून अस्पताल में डाईलेसिस मशीन लगायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>22-12-2005 | 1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बेस चिकित्सालय स्थापना किये जाने की स्वीकृति सरकार ने प्रदान कर दी है? यदि हाँ, तो क्या वर्ष 2005-06 में इसकी स्थापना हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26-12-2005 | 2. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि सम्भागीय परिवहन कार्यालय देहरादून तथा ऋषिकेश में छोटे वाहनों के सड़क टैक्स व सवारी टैक्स में भिन्नता है? क्या यह सत्य है कि सम्भागीय परिवहन कार्यालय ऋषिकेश में सड़क टैक्स व सवारी टैक्स देहरादून कार्यालय की अपेक्षा अधिक लिया जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसमें एकरूपता लायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27-12-2005 | 3. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद नैनीताल अन्तर्गत कालाढूंगी में एन0टी0पी0सी0 के सहयोग से बनने वाले पॉलीटैक्निक स्थापित कर लिया गया है? यदि हाँ, तो उक्त संस्थान कब तक कार्य करना प्रारम्भ कर देगा और कौन-कौन से विषय प्रारम्भ किये जायेंगे? | तकनीकी शिक्षा |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27-12-2005 | 4. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल अन्तर्गत चकलुवा वि0ख0 कोटाबाग में नये एस0ए0डी0 चिकित्सालय भवन में विद्युत सुविधा न होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ, तो कब तक चिकित्सालय में विद्युत सुविधा पूर्ण कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28-12-2005 | 5 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी मे स्थित प्रसिद्ध तीर्थधाम यमुनोत्री के मायके खरसाली गांव को तीर्थाटन की दृष्टि से विकसित किये जाने की योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28-12-2005 | 6. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जोगथ के चिकित्सक फरवरी, 2005 से जिला ऊधमसिंह नगर में सम्बद्ध है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इनका जोगथ से स्थानान्तरण कर रा0आ0चि0 जोगथ उत्तरकाशी में पूर्णकालिक चिकित्सक की तैनाती सुनिश्चित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28-12-2005 | 7. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ''पर्यटन ग्रामों'' तथा ''ईको टूरिज्म विलेज'' चयन के कोई मानक अथवा नीति निर्धारित की गयी है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>04-01-2005 | 8. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंहनगर के 60 पन्तनगर-गदरपुर विधान सभा क्षेत्र के गूलरभोज में स्थित बन्द आई0टी0आई0 में तकनीकी शिक्षा प्रारम्भ किये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोमवार के अता0 83 में स्था0** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>06-01-2006 | 9. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल स्थित मांगावली नामक स्थान को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>06-01-2006 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अर्न्तगत एकेश्वर नामक स्थान पर एलोपैथिक चिकित्सालय खोला जाना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो चिकित्सालय कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>06-01-20006 | 11. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल स्थित रा0 ग्रामीण पालिटेक्नीक थलनदी का नाम महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री जगमोहन सिंह नेगी के नाम पर रखा जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07-01-2006 | 12. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के गमरी पट्टी के महरगांव, जसपुर, चमियारी, गमरी, तिलपड़, वजियाड़ा, पिठयानी, पिपलखण्डा और उलण आदि ग्रामों में किस स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) की तैनाती की गई है तथा उनका तैनाती स्थल कौन सा है और उन्हें कब तैनात किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>09-01-2006 | 13. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वाहनों के सिंगल नम्बर लेने हेतु कोई नीति बनायी गयी है? यदि हाँ, तो क्या? क्या यह सत्य है कि सिंगल नम्बर हेतु अधिक राशि ली जा रही है? यदि हाँ, तो इसको रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रभावी कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री मदन कौशिक<br>09-01-2006 | 14. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्यटन नीति बनने के बाद देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में वर्ष 2003-2004 की तुलना में वर्ष 2004-2005 में कितनी वृद्धि हुई है? क्या सरकार ने पर्यटकों से आय बढ़ाने हेतु कोई विशेष नीति बनायी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>09-01-2006 | 15. विधानसभा के द्वितीय सत्र, 2005 के प्रथम शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 53 के उत्तर में देहरादून क्षेत्र के संदर्भ में परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय डिपो द्वारा हावला-जौरासी हेतु बस दि0 17 मार्च, 2005 से संचालित की गई बस सेवा दिसम्बर, 2005 तक कितनी बार संचालित की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>09-01-2006 | 16. क्या श्रम मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी में आई0टी0आई0 खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि हाँ, तो क्या आई0टी0आई0 हेतु भूमि उपलब्ध हो गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10-01-2006 | 17. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि मुम्बई में प्रतिवर्ष लगने वाले आई.टी.एम. (इण्डिया ट्रेड मार्क) प्रतिवर्ष लगने वाले पर्यटन मेले में उत्तरांचल के भाग न लेने के क्या कारण हैं? क्या वर्ष 2006 से उत्तरांचल उक्त मेले में भाग लेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>10-01-2006 | 18. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के ग्रामसभा धूर्माकुण्डी के अन्तर्गत निर्माणाधीन मातृ शिशु कल्याण उपकेन्द्र मोख पर व्यय की गई 2.53 लाख से अपूर्ण निर्मित भवन को पूर्ण करने हेतु सरकार क्या कदम उठाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12-01-2006 | 19. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में 2002 से अब तक कुल कितने आयुर्वेदिक एवं राजकीय चिकित्सालय खोले गये हैं? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार राँसी, सारी, छिनका, कुरझण, तुलंगा, नागजगई, बावई, सौड़-भटटगांव एवं चोपड़ा में नये स्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>12-01-2006 | 20. क्या पर्यटन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के प्रसिद्ध नागनाथ मंदिर के सौन्दर्यकरण हेतु जिला पर्यटन अधिकारी से प्रस्ताव एवं आंगणन मंगाने पर विचार करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12-01-2006 | 21. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में परिवहन विभाग द्वारा देहरादून से पर्वतीय जिला मुख्यालयों में सेमी डीलक्स बसों का संचालन शीघ्र किया जा रहा है? यदि हाँ, तो देहरादून से उत्तरकाशी मुख्यालय व देहरादून से बड़कोट तक सेमी डीलक्स बसों का संचालन कब से प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>12-01-2006 | 22. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य का परिवहन निगम गठित हो जाने के पश्चात उ0प्र0 के कितने विकल्पधारी कर्मचारी/अधिकारी वर्तमान में उत्तरांचल में कार्यरत हैं? क्या सरकार उ0प्र0 के सभी विकल्पधारी कर्मचारियों तथा अधिकारियों को उ0प्र0 भेजने पर विचार करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>12-01-2006 | 23. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कुल कितने उपकेन्द्र वर्ष 2006 तक संचालित किये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>13-01-2006 | 24. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार जनों हेतु जानलेवा बीमारियों के इलाज हेतु कोई योजना बनाई गयी है? यदि हाँ, तो उस योजना का प्रारूप क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस योजना के अन्तर्गत शासन/विभाग को कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और प्राप्त प्रस्तावों में से कितने लोगों को लाभ मिला है? | स्वास्थ्य |
| श्री हरबंस कपूर<br>16-01-2006 | 25. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि देहरादून जनपद में मसूरी को 205 व्हील बेस बसों की अनुमति नहीं मिलने के कारण मसूरी आने वाले पर्यटकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा इसके लिये क्या प्रबन्ध किया गया है? | परिवहन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>18-01-2006 | 26. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में राज्य परिवहन निगम के बस स्टेशन हेतु भूमि चयन करने की कार्यवाही की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2006-07 में परिवहन निगम के बस अड्डे के निर्माण हेतु धन स्वीकृत करने के संबंध में विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>18-01-2006 | 27. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2005-06 में जनपद पिथौरागढ़ में साहसिक पर्यटन हेतु सरकार द्वारा धन उपलब्ध कराया गया था? यदि हाँ, तो साहसिक पर्यटन की क्या गतिविधियां की गयी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ मण्डल विकास निगम द्वारा भी साहसिक पर्यटन गतिविधियों हेतु धन स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया था? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस संबंध में विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21-01-2006 | 28. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों व घायलों को पूरे राज्य में अलग-अलग सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार एक समान सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु कोई नीति बनायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>21-01-2006 | 29. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड भीमताल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-गेठिया में गेठियाताल नामक स्थल को विकसित एवं सौन्दर्यकरण किये जाने की कोई कार्ययोजना सरकार द्वारा तैयार की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>24-01-2006 | 30. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत खटीमा नगर स्थित रोडवेज बस स्टेशन का भवन अति जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त के स्थान पर नये भवन निर्माण हेतु विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>25-01-2006 | **31.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ इंजीनियरिंग द्वाराहाट में कार्यरत कुल कितने दैनिक वेतन भोगी एवं नियम वेतन भोगी कर्मचारी हैं? क्या सरकार उक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25-01-2006 | **32.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी में रैथल और दयारा के मध्य प्राकृतिक ताला झील है? क्या सरकार दयारा पर्यटन विकास महायोजना के अन्तर्गत रैथल से ताला झील तक ट्रेकिंग मार्ग का निर्माण व झील का सौन्दर्यीकरण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>28-01-2006 | **33.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत चौखुटिया विकासखण्ड के महाकालेश्वर नामक स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का निर्णय लिया जा चुका है? यदि हाँ, तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब से प्रारम्भ कर लिया जायेगा? | स्वास्थ्य |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>30-01-2006 | **34.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विकासखण्ड के अन्तर्गत सिमलगांव (बटुलिया) में आयुर्वेदिक भवन निर्माण हेतु कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>31-01-2006 | **35.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत ग्राम ब्यंग में तुंगेश्वर मन्दिर स्थित है? क्या यह सत्य है कि क्षेत्रीय जनता उक्त मन्दिर के सौन्दर्यीकरण की मांग लम्बे समय से करती आ रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उक्त मन्दिर के सौन्दर्यीकरण हेतु धन उपलब्ध कराया गया है? यदि हाँ, तो कब और कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>31-01-2006 | **36.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत पर्यटक स्थल देवरियाताल में वर्ष 2002 से अब कुल कितने पर्यटक दर्शनार्थ आये? क्या सरकार वर्षवार ब्यौरा सदन के पटल पर रखेगी? सरकार द्वारा पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु अभी तक उक्त क्षेत्र में क्या-क्या कार्य किये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01-02-2006 | **37.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से राज्य की सड़कों के डेंजर जोन का चिन्हांकन तथा खतरानाक मोड़ों को सुदृढ़ किये जाने की कोई योजना प्रारम्भ की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम मंगलवार के अता0 101 में स्था0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01-02-2006 | **38.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन/तीर्थाटन विकास की योजनाओं की स्वीकृति हेतु पर्यटन निदेशालय द्वारा अनुमोदन/स्वीकृति के कोई मानक अथवा गाइडलाईन निर्धारित की गई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी जनपदों से प्राप्त महत्वपूर्ण योजनाओं के चयन/स्वीकृति के मानक क्या हैं? क्या यह सत्य है कि बिना किसी मानक अथवा नीति के योजनाओं का चयन कर कुछ जिलों की उपेक्षा की गई है? क्या सरकार इस हेतु कोई कारगर नीति बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>01-02-2006 | **39.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चौखुटिया विकासखण्ड जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत तिमिलखाल में ए०एन०एम० सेन्टर खोला गया था? यदि हाँ, तो उक्त सेन्टर में स्वीकृत पद के सापेक्ष कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>01-02-2006 | **40.** क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत ग्राम चौपडा सौड भटगांव में आयुर्वेदिक अस्पताल खोले जाने के संबंध में सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्या इसी वित्तीय वर्ष में अस्पताल खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02-02-2006 | **41.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य भर में अवस्थित प्राचीन और प्रसिद्ध सिद्धपीठों जैसे चितई, सुरकण्डा देवी, कुंजापुरी, चन्द्रवदनी, ज्वाल्पा, धारी देवी, रेणुका, नागणी देवी आदि मन्दिरों को धार्मिक अथवा पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने के लिये सरकार की कोई योजना विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>02-02-2006 | **42.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा संचालित "स्वास्थ्य मोबाइल टीम" योजना प्रत्येक विकासखण्ड में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त टीम की संख्या क्या है तथा उक्त टीम से प्रदेश के कौन-कौन से विकासखण्ड उपेक्षित है? | स्वास्थ्य |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>02-02-2006 | **43.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड द्वाराहाट अन्तर्गत "दुधोली" में स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है? यदि हाँ, तो कब तक भवन का निर्माण पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| डा० नारायण सिंह जन्तवाल<br>03-02-2006 | **44.** क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड भीमताल में ओखलढूंगा क्षेत्र में रोडवेज की बस सुविधा न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो कब तक हल्दी हैड़ाखान तक बस प्रारम्भ कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-02-2006 | **45.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के प्रथम कुमाँऊ क्षेत्र नैनीताल से सेवा निवृत्त कार्यालय सहायक श्री के0एन0 जोशी की पेंशन का विवाद पिछले 13 वर्ष से विभाग के पास लम्बित है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है तथा पेंशन प्रकरण का निस्तारण कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>10-02-2006 | **46.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में राजकीय मेडिकल कालेज खोला जाना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो मेडिकल कालेज कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री तसलीम अहमद<br>13-02-2006 | **47.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार में पागल कुत्ते व जंगली जानवरों से घायल मरीजों के ऐंटी रैबीज इन्जेक्शन जनपद के सभी अस्पतालों में उपलब्ध कराये जाते हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐंटी रैबीज के इन्जेक्शन जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>14-02-2006 | **48.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हल्द्वानी स्थित वन ट्रस्ट मेडिकल कालेज में चालू शिक्षा सत्र 2005-06 में एम0बी0बी0एस0 प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>14-02-2006 | **49.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित सातताल के पास ''हिडिम्बा'' नामक स्थान के ऐतिहासिक महत्व के दृष्टिगत सरकार उक्त स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री मदन कौशिक<br>26-12-2005 | **50.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चार धाम विकास हेतु कोई कार्य योजना बनायी गयी है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? क्या सरकार द्वारा अभी तक इस दिशा में कितना प्रगति पूर्ण कार्य कर लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>26-12-2005 | **51.** क्या पर्यटन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि हनुमानगढ़ी (नैनीताल) मन्दिर परिषद के सौन्दर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कब तक करा लिया जायेगा? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17-02-2006 | 52. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के जिला पर्यटन सलाहकार समिति की बैठक दिसम्बर, 2005 से अब तक (17/02/2006) चार बार स्थगित की जा चुकी है? यदि हाँ, तो बार-बार महत्वपूर्ण बैठक स्थगन किये जाने का औचित्य क्या है? | पर्यटन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>18-02-2006 | 53. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल शहर के निकटवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को पर्यटन व्यवसाय से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सरकार कोई कार्ययोजना बनाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>18-02-2006 | 54. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत आरक्षित कोटे के स्वच्छक, धोबी, कुक आदि के पदों का निजीकरण कर ठेकेदारी प्रथा चलायी जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार निजीकरण के निर्णय से आरक्षण कोटे पर पड़ने वाले प्रभाव के उपाय हेतु क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22-02-2006 | 55. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि 11 फरवरी, 2004 को बागेश्वर में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कपकोट (बागेश्वर) एवं बिन्ता (जनपद अल्मोड़ा) में आई.टी.आई. खोलने की घोषणा की गयी थी? यदि हाँ, तो क्या उक्त घोषणा का अनुपालन कर लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22-02-2006 | 56. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के चौखुटिया विकासखण्ड में "धुधलिया मनराल" नामक स्थान पर राजकीय एलोपैथिक डिस्पेन्सरी (एस0ए0डी0) केन्द्र खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री अनिल नौटियाल<br>23-02-2006 | 57. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के विभिन्न चिकित्सालयों में लैब टैक्नीशियनों की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>25-02-2006 | 58. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल में आई.टी.आई. खोले जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त स्थान पर आई.टी.आई. खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री हरबंस कपूर<br>27-02-2006 | 59. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार नेत्रहीनों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कोई अलग से नीति बनायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | श्रम |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>28-02-2006 | **60.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि हिडिम्बा आश्रम सातताल जनपद नैनीताल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन/पर्यटक दर्शन हेतु आते हैं? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त स्थान पर सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु कोई कार्य योजना बनायी है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>28-02-2006 | **61.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल हनुमानगढ़ 'जनपद नैनीताल' के सुधार हेतु कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त पर कब तक कार्यवाही कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16-01-2006 | **62.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के तीर्थ स्थल लक्ष्मणझूला में गंगा किनारे घाटों के निर्माण न होने के कारण प्रत्येक वर्ष कई तीर्थयात्री गंगा में डूब जाते है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा लक्ष्मणझूला मे गंगाघाटों के निर्माण की कोई योजना बनायी गई है? यदि हाँ, तो लक्ष्मणझूला स्थित बम्बई घाट व अन्य घाटो का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अजय भट्ट<br>13-01-2006 | 63. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पत्रकारों के श्रम संबंधी मामलों (वेतन, काम के घण्टे आदि) के निपटारे हेतु किसी त्रिपक्षीय समिति का गठन कर समिति में पत्रकारों की ट्रेड यूनियनों को शामिल किया गया है? यदि हाँ, तो उसमें कौन-कौन से श्रम संगठनों के प्रतिनिधि शामिल है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार द्वारा भविष्य में श्रम सगंठनों के प्रतिनिधियों को इस त्रिपक्षीय समिति में शामिल किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |

## नत्थी "ग"

डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, माननीय सदस्य, विधान सभा द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा जारी किये गये प्रकिया संबंधी निदेश के निदेश संख्या 166 के अन्तर्गत अभिसूचित सूचना दिनांक 13 दिसम्बर, 2002 के संबंध में शोधन वक्तव्य।

**उत्तरांचल विधान सभा सभा के तृतीय सत्र 2002 के प्रथम शुकवार दिनांक 13 दिसम्बर, 2002 को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्याः 69**

| मूल प्रश्न | दिया गया उत्तर | संशोधित उत्तर |
|---|---|---|
| 69. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि "राज्य रक्षालय संस्थान" पटवाडांगर जनपद नैनीताल का औषधि निर्माण लाइसेन्स सन् 1995 से नवीनीकरण न कराये जाने के कारण रद्द कर दिया गया है? | जी हां। | जी नहीं। |
| यदि हां तो औषधि निर्माण लाइसेन्स का नवीनीकरण न कराये जाने के लिये कौन जिम्मेदार है तथा कब तक लाइसेन्स का नवीनीकरण कर औषधि निर्माण लाइसेन्स प्राप्त कर लिया जायेगा? | प्रश्न नही उठता। | प्रश्न नही उठता। |
| यदि नही तो क्यों? | प्रश्न नही उठता। | औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम में नवीनीकरण कराये जाने हेतु समय सीमा निर्धारित नही की गई है, अपितु अधिनियम के अन्तर्गत बनी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली-1945 के नियम-77 में प्राविधान है कि लाइसेन्स की निरन्तरता निर्माण कर्ता द्वारा आवेदनोपरान्त तब तक जारी रहेगा जब तक आवेदन पत्र पर निरस्तीकरण आदेश पारित न हो जाय। |

उपर्युक्त संशोधित उत्तर में टंकण की त्रुटि के कारण "जी नहीं" के स्थान पर "जी हां" टंकित हो गया था। इस त्रुटि के संबंध में किसी का कदाशय निहित नहीं पाया गया है। अतएव इसके लिये किसी के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता नहीं पायी गयी है। उक्त त्रुटि के कारण माननीय सदस्य को हुई असुविधा के लिये खेद है।

( **तिलक राज बेहड** )
मंत्री,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य।

उत्तरांचल विधान सभा

# नत्थी "घ"

## श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| 1. | श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>नेता प्रतिपक्ष | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br><br>1. प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना,<br>2. ऊर्जा प्रदेश और पर्यटन प्रदेश का उल्लेख न किया जाना,<br>3. रोजगार और स्वरोजगार की कोई ठोस नीति बनाया जाना,<br>4. अफसरशाही पर अंकुश लगाया जाना,<br>5. दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, विजिटिंग प्रवक्ताओं, शिक्षा मित्र, शिक्षा बन्धु आदि का नियमितिकरण किया जाना,<br>6. विकल्पधारियों को उत्तर प्रदेश के लिए कार्यमुक्त करना,<br>7. अति दुर्गम, अति पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना,<br>8. प्रदेश में वन एवं नजूल भूमि पर वर्षों से काबिज कृषकों की भूमि का नियमितिकरण किया जाना,<br>9. कृषि के उत्पादों के विपणन की व्यवस्था करना,<br>10. राष्ट्रीय पार्कों और पशु विहारों के निकट बसे गांवों को हक-हकूक दिलाना,<br>11. सूखाग्रस्त प्रदेश के किसानों को ठोस राहत दिलाने की कार्ययोजना बनाना,<br>12. नई तहसीलों, उप तहसीलों में स्टाफ, भवन, फर्नीचर की सुविधा दिलाना एवं उन्हें संचालित करना,<br>13. उत्तर प्रदेश के साथ परिसम्पत्तियों का बंटवारा करना,<br>14. प्रदेश के भेड़ पालकों की ऊन के विपणन की व्यवस्था करना, |

....2/....

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 39. पैरामेडिकल फार्मेसिस्टों को नियुक्ति देना, |
| | | 40. विभिन्न विभागों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, संविदा में कार्यरत कर्मचारियों, तदर्थ एवं नियत वेतनमान कर्मचारियों का नियमितिकरण करना, |
| | | 41. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं एवं विकलांगों के आरक्षित पदों को भरना, |
| | | 42. टिहरी बांध विस्थापितों की समस्या का निराकरण करना, |
| | | 43. पटवारी भर्ती घोटाला, दरोगा भर्ती घोटाला, मण्डी परिषद भर्ती, वाई व्याय भर्ती में अनियमितताओं का श्वेत-पत्र जारी करना, |
| | | 44. बेरोजगारों को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराना, |
| | | 45. अफसरशाही पर नकेल लगाना, |
| | | 46. घोटालों पर श्वेत-पत्र जारी करना, |
| | | 47. गरीबी रेखा से नीचे परिवारों का बी0पी0एल कार्ड बनाना, |
| | | 48. भारतीय वन संरक्षण अधिनियम-1980 को लचीला बनाना, |
| | | 49. प्रदेश में बन्द पड़े औद्योगिक केन्द्रों को विकसित करना, |
| | | 50. आधी-अधूरी जल विद्युत परियोजनाओं एवं लघु जल विद्युत परियोजनाओं को प्रदेश एवं राष्ट्रीय हित में चालू करना, |
| | | 51. वर्ष 1992 एवं 1999 के विनाशकारी भूकम्प से पीड़ित कृषकों को राहत बांटना, |
| | | 52. मोटर मार्ग निर्माण में कृषकों की भूमि के कटान-दबान का मुआवजा लोक निर्माण विभाग से दिलाना, |
| | | 53. कृषकों को उनके अनाजों/फलों, गन्ने का उचित मूल्य दिलाना, |
| | | 54. ऋषिकेश में 'एम्स' तथा श्रीनगर में मेडिकल कालेज शीघ्र खोलना, |
| | | 55. पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन की प्रवृत्ति को रोकना, |
| | | 56. ठोस खनन नीति एवं ठोस आबकारी नीति से प्रदेश का राजस्व बढ़ाना, |
| | | 57. उत्तरकाशी, बागेश्वर, चमोली, अल्मोड़ा एवं पिथौरागढ़ के भेड़ पालकों की ऊन का उचित मूल्य दिलाना, |
| | | 58. प्रदेश की चीनी मिलों को घाटे से उबारना, |
| | | 59. बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिलाना, |
| | | 60. दुर्गम, अति पिछड़े क्षेत्रों में अस्पताल, सड़क एवं कालेज खोलना, |
| | | 61. माओवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना, |
| | | 62. लम्बे समय से जल संस्थान में कार्यरत पी0टी0ए0 श्रमिकों का नियमितिकरण करना, |

....4/....

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 13. जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत वर्ष 2005 में दैवी आपदा से नापड़ क्षेत्र में बहे पुलों का निर्माण किये जाने,<br>14. जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत रा०उ०मा० विद्यालय कोटपन्दरपाला, रा०उ०मा० विद्यालय मड़भटीगांव रा०उ०मा० विद्यालय जापका बल का उच्चीकरण किये जाने तथा<br>15. जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सौगांव पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचसाड पूर्व माध्यमिक विद्यालय धामी गांव पूर्व माध्यमिक विद्यालय चमाली का उच्चीकरण किये जाने। |
| 3. | श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जाय:-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड पोखरी में राजकीय महाविद्यालय का भवन निर्माण किये जाने,<br>2. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड घाट में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करने,<br>3. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड घाट में आई०टी०आई० खोले जाने,<br>4. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड पोखरी एवं घाट में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए छात्रावास खोले जाने,<br>5. जनपद चमोली में बन रही जल विद्युत परियोजनाओं में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने,<br>6. जनपद चमोली के अन्तर्गत सिवाई झूला पुल को मोटर पुल में परिवर्तन करने,<br>7. जनपद चमोली के अन्तर्गत तपोवन विष्णुगाड परियोजना में अधिग्रहित भूमि के भूस्वामियों को उचित मुआवजा देने,<br>8. जनपद चमोली के अन्तर्गत गोपेश्वर पोखरी एवं पोखरी कनकचौरी तथा पोखरी कर्णप्रयाग मोटर मार्ग का हाटमिक्स से सुधार कार्य करने,<br>9. जनपद चमोली के अन्तर्गत नन्दप्रयाग वैरासकुण्ड तक मोटर मार्ग निर्माण किये जाने,<br>10. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड घाट में पर्यटन आवास निर्माण किये जाने,<br>11. जनपद चमोली के नागनाथ मन्दिर के सौन्दर्यीकरण करने, |

....6/....

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 29. जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड घाट के विजार गांव को जोडने के लिए झूला पुल निर्माण किये जाने,<br>30. जनपद चमोली के अन्तर्गत सुखताल एवं झलताल को पर्यटन केन्द्र विकसित करने तथा<br>31. जनपद चमोली के अन्तर्गत भेड प्रजनन केन्द्र बंगाली (घाट) की बदहाल स्थिति को सुधारने। |
| 4. | श्री अनिल नौटियाल | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. प्रदेश में रोजगार नीति बनाये जाने,<br>2. जनपद चमोली के अन्तर्गत सीमान्त विकास प्राधिकरण का कार्यालय गैरसैण में शीघ्र खोले जाने,<br>3. जनपद चमोली के अन्तर्गत अपर निदेशक शिक्षा का कार्यालय गैरसैण में शीघ्र स्थापित किये जाने,<br>4. जनपद चमोली के अन्तर्गत राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की स्थापना गैरसैण विकास खण्ड में किये जाने,<br>5. प्रदेश में 1999 में आये विनाशकारी भूकम्प से प्रभावित सभी श्रेणियों के प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा का भुगतान दिये जाने,<br>6. जनपद चमोली के अन्तर्गत तपोवन विष्णुगाड़ जल विद्युत परियोजना से प्रभावित काश्तकारों को टिहरी विस्थापितों की तरह मुआवजा दिये जाने,<br>7. जनपद चमोली के अन्तर्गत गैरसैण एवं कर्णप्रयाग विकास खण्ड के अन्तर्गत स्वीकृत मोटर मार्गो पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाने,<br>8. जनपद चमोली के अन्तर्गत जू0हा0 कुणखेत, मैखोली, आन्द्रपा, पुनगांव बिछौना विजयसैण, पिण्डवाली सुनाक-ग्वाड़, दुवा विद्यालयों का उच्चीकरण किये जाने,<br>9. जनपद चमोली के अन्तर्गत रा0उ0मा0 विद्यालय भराड़ीसैण, मरोड़ा कन्या विद्यालय नौटी चौरासैण, बरतोली आदि विद्यालयों का उच्चीकरण किये जाने,<br>10. जनपद चमोली के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादक सहाकारी संघ सिमली को पुनः चालू किये जाने तथा<br>11. जनपद चमोली के अन्तर्गत रोहिड़ा, सिदोली, कुनीगाड़ क्षेत्र में एलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने। |

....8/....

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 18. जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत पर्यटन स्थल कसारदेवी एवं जलना को विकसित करने,<br>19. जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत विकास खण्ड लमगड़ा में चायखान धारखोला मोटर मार्ग बनाने तथा<br>20. जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत अल्मोड़ा नगर में राजकीय इण्टर कालेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज खोलने। |
| 6. | श्री अरविन्द पाण्डे | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. प्रदेश के राशन कार्डो का पुनरीक्षण किये जाने,<br>2. जनपद ऊधमसिह नगर के अन्तर्गत स्कार्ट फार्म काशीपुर में तराई के किसानों व मजदूरों का पुर्नवासन किये जाने,<br>3. जनपद ऊधमसिह नगर के अन्तर्गत बाजपुर विधान सभा क्षेत्र में गांव बाजपुर के टूटे हुए मेन पुल के पुर्ननिर्माण किये जाने,<br>4. जनपद ऊधमसिह नगर के अन्तर्गत बाजपुर में पेप्सी प्लांट के पास गढरी नदी के टूटे पुल का पुर्ननिर्माण किये जाने,<br>5. जनपद ऊधमसिह नगर के अन्तर्गत बाजपुर में बरैहनी व बेरिया दौलत तथा रैंच हाईस्कूल को इण्टर तक उच्चीकरण किये जाने,<br>6. प्रदेश में प्रमुख रूप से बाजपुर में अघोषित विद्युत कटौती किये जाने,<br>7. जनपद ऊधमसिह नगर के अन्तर्गत बाजपुर में इण्टर कालेज की प्रबन्ध कार्यकारिणी का पुर्नगठन करने,<br>8. जनपद ऊधमसिह नगर के अन्तर्गत बाजपुर विधान सभा क्षेत्र में बस अड्डे का निर्माण किये जाने,<br>9. जनपद ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत काशीपुर को नया जिला बनायें जाने,<br>10. जनपद ऊधमसिंह नगर के राय सिखों की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा<br>11. जनपद ऊधमसिंह नगर की बुक्सा जनजाति के कल्याण के लिए ठोस कार्यवाही किये जाने, |

....10/...

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 15. हिमाचल पर्यटन की भान्ति लबी के मेले के अनुरूप शाकरी एवं मोरी राजगढ़ी में पर्यटन मेले को मान्यता देने तथा<br>16. रोजगार हेतु सेव, आलू एवं जड़ी बूटियों से सम्बन्धित लघु उद्योग खोलने, |
| 8. | श्री चन्द्रशेखर | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नही किया है :-<br>1. प्रदेश के किसानों की समस्याओं का निराकरण किये जाने,<br>2. बढ़ती हुई महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने,<br>3. आगामी वर्षा ऋतु में सम्भावित आपदाओं का निदान किये जाने तथा<br>4. जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत धाड़ क्षेत्र के विकास हेतु योजना बनाये जाने। |
